14000 स्टार्टअप, 26 यूनिकार्न के साथ देश में तीसरे स्थान पर यूपी

49 जिलों में स्टार्टअप वाला देश का पहला राज्य बना यूपी ■ लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद में सबसे ज्यादा स्टार्टअप

अभिषेक गुप्ता

लखनऊ। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लागू 25 से ज्यादा औद्योगिक नीतियों के परिणाम सामने आने लगे हैं। द स्टार्टअप ईको सिस्टम रिपोर्ट-2025 की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक यूपी में स्टार्टअप ईकोसिस्टम में अप्रत्याशित बदलाव आए हैं। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में 14000 से ज्यादा स्टार्टअप पनप चुके हैं। इनमें से 26 यूनीकार्न यूपी में होने से प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर आ गया है।

प्रदेश के 49 जिलों में स्टार्टअप शुरू करने वाले उद्यमियों की आयु 25 से 40 वर्ष के बीच है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। राज्य में केंद्रीय उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़ती जा रही है। यूपी में महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली के बाद भारत में चौथा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम है। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में यूपी की हिस्सेदारी 9.6 फीसदी है। जबकि यूपी से आगे दिल्ली की 10 फीसदी और कर्नाटक की 10.6 फीसदी है। दिलचस्प बात ये है कि महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली के तमाम स्टार्टअप की शुरुआत यूपी से हुई है। अगले दो वर्ष में यूपी देश का दूसरा बड़ा स्टार्टअप वाला राज्य होगा। ये उपलब्धि विशाल बाजार, बेहतरीन बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित जनशक्ति की बड़ी संख्या के दम पर पूरी होगी।

ये बड़े स्टार्टअप जो यूपी से शुरू हुए : यूपी से शुरू इंडिया मार्ट, इंफोएज, इनोवेकर, पाइन लैब्स, मोगलीएक्स, पीडब्लू, पेटीएम, फिजिक्सवाला और रेट गेन जैसे स्टार्टअप यूनीकार्न बन चुके हैं। वहीं इनशार्ट्स, क्लासप्लस, आर्या. एजी, क्रेडजेनीक्स और लैम्बडाटेस्ट सूनीकार्न बन गए हैं। यूनीकार्न स्टार्टअप उन्हें कहते हैं, जिनकी नेटवर्थ एक अरब डॉलर से ज्यादा हो जाती है। सूनीकार्न उन्हें कहते हैं जो जल्द एक अरब डॉलर की श्रेणी में आने वाले होते हैं।

बड़े ही नहीं छोटे शहरों में भी स्टार्टअप

औद्योगिक नीतियों का असर ही कहेंगे कि स्टार्टअप सिर्फ नोएडा, गाजियाबाद या एनसीआर तक ही सीमित नहीं रह गए, बल्कि 49 जिलों में उनका विस्तार है। शीर्ष दस के अलावा ये स्टार्टअप अलीगढ़ (113), सहारनपुर(92), औरैया (77), बुलंदशहर (67), झांसी (130), मथुरा (129), मुरादाबाद (129), मुजफ्फरनगर (65), जौनपुर (47), उन्नाव (32), रामपुर (27), सुल्तानपुर (25), बिजनौर (44), अयोध्या (39), गाजीपुर (36), मिर्जापुर (35),फिरोजाबाद (34), बस्ती (24), इटावा (23), शाहजहांपुर (22), सोनभद्र (22), आजमगढ़ (21), कन्नौज (21), बाराबंकी (18), खीरी (18), रायबरेली (18), बलिया (17), हाथरस (17), प्रतापगढ़(17), कुशीनगर (16), हापुड़ (16), गोंडा (20), बागपत (19), चंदौली (19), मैनपुरी (16), बांदा (15), फतेहपुर (15), चंदौली(19), हरदोई(15), महाराजगंज (15) में भी हैं।

शीर्ष 10 स्टार्टअप सिटी

शहर	स्टार्टअप संख्या
नोएडा	3418
लखनऊ	1789
गाजियाबाद	1582
कानपुर	586
वाराणसी	406
आगरा	359
मेरठ	291
प्रयागराज	283
गोरखपुर	201
बरेली	177

एक अरब डॉलर से ज्यादा नेटवर्थ वाले स्टार्टअप की संख्या

- महाराष्ट्र में 40, दिल्ली में 36, यूपी में 26, राजस्थान में 23 और तमिलनाडु में 22।